-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के दृष्टिगत भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में मुख्य बाजारों, रेलवे स्टेशन सहित भीड़-भाड़ वाले सावर्जनिक स्थानों पर की गई पैदल गश्त।**

विवरण- जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु आज दिनांक 22.05.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा शहर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान शहर के मुख्य बाजारों, चौराहो, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर विशेष रूप से पैदल गश्त की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों/वस्तुओं की सघन चेकिंग की गई। तत्पश्चात रेलवे स्टेशन परिसर में लावारिस वस्तुओं, सामानों के साथ-साथ वाहन स्टैण्ड आदि पर चेकिंग की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कृष्णकान्त त्रिपाठी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रही है।